बारिश से राजस्थान में 10 मौतें, गुजरात में 11,900 को बचाया

■ पीटीआई, जयपुर/भरूच

फिर से सक्रिय हुए मॉनसून के कारण राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश का दौर जारी है। कई जगहों पर भारी से अति भारी बारिश हुई है। राज्य में बारिश से जुड़े हादसों में मंगलवार को 10 लोगों की मौत हो गई। रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। लगातार बारिश से जहां सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं अधिकतम तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है। बारिश के कारण अनेक ट्रेन भी रद्द करनी पड़ी हैं। उधर, गुजरात में रविवार से हो रही भारी बारिश के कारण वडोदरा, भरूच, नर्मदा, दाहोद, पंचमहल, आनंद और गांधीनगर जिलों के निचले इलाकों में रहने वाले 11,900 लोगों को आश्रय घरों में शिफ्ट किया गया। 270 फंसे हुए नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। सीएम भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि गिरे हुए पेड़ों को हटाकर सड़कें साफ करने का काम जारी है। सरदार सरोवर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण जल स्तर 40 फुट तक बढ़ने के बाद पिछले दो दिनों में भरूच जिले में नर्मदा नदी के किनारे रहने वाले 6,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। भरूच शहर और तहसील के कई इलाके और अंकलेश्वर के कई इलाकों और गांवों में अब भी घुटनों तक पानी भरा है।

PTI

NDRF ने गुजरात के वडोदरा के अरावली में स्थानीय लोगों को बचाया।

सेना ने द्वीप पर फंसे 12 लोगों को बचाया

भारतीय सेना ने शिनोर तालुका के बरकल गांव के पास नर्मदा नदी के एक छोटे से द्वीप व्यास बेट पर फंसे एक संत सहित 12 लोगों को बचाया। भारी बारिश और जलभराव के कारण बचाव अभियान जरूरी हो गया था, इसमें 16 सितंबर से लोग फंसे हुए थे। बचाव अभियान 17 सितंबर को हुआ और अधिकारी अभी भी तैयार हैं क्योंकि गुजरात के विभिन्न हिस्सों में बारिश जारी है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति और तेजी से बढ़ते पानी ने शुरू में रविवार को बचाव प्रयासों को विफल कर दिया। मदद के लिए बुलाई गई इंडियन एयर

फोर्स और नेवी बारिश के कारण ऑपरेशन नहीं कर सकी। आखिर में भारतीय सेना को बचाव अभियान चलाने के लिए बुलाया गया। बचाव शुरू करने से पहले, सेना के जवानों ने ऑपरेशन के लिए उपयुक्त स्थान की पहचान करने के लिए एक टोही मिशन चलाया। (आईएएनएस)

जलस्तर घटा, ट्रेनों की आवाजाही शुरू हुई

गुजरात में भरूच और अंकलेश्वर स्टेशनों के बीच खतरे के निशान से ऊपर बह रही नर्मदा नदी का जलस्तर घटने के बाद मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर ट्रेन ट्रैफिक लगभग 12 घंटे बाद सोमवार दोपहर के आसपास फिर से शुरू हो गया। पश्चिम रेलवे के PRO सुमित ठाकुर ने बताया कि नर्मदा नदी का पानी खतरे के निशान से नीचे आने के बाद सोमवार करीब साढ़े 11 बजे पुल संख्या 502 पर ट्रेन संचालन बहाल हो गया।

भारी बारिश के आसार

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। बुधवार से पूर्वी भारत में बारिश/आंधी तूफान का ताजा दौर शुरू हो सकता है। उत्तर-पश्चिम भारत में हल्की से मध्यम, छिटपुट से लेकर बहुत भारी और कहीं-कहीं गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

nwda.gov.in